प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–आजमगढ़।

पत्र संख्या :SPMU/NHM/एस0एस0वी0/आजमगढ़/2018–19/ 7135 दिनांक 03.10.2018

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना हैं कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 24 से 27 सितम्बर, 2018 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को वेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये विवरण संलग्न है। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः SPMU/NHM/एस0एस0वी0/आजमगढ़/2018–19/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजमगढ़ मण्डल।
3. जिला अधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आजमगढ़।
4. समस्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, आजमगढ़।

(पराग वी. पांडे)
मण्डलीय नोडल,आजमगढ़–सह–
महाप्रबन्धक, ई0एम0टी0एस0

Scanned by CamScanner

# जनपद आजमगढ़ की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण रिपोर्ट

राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0 से दो सदस्यीय भ्रमण टीम मनीष कुमार सोनी, जनपदीय नोडल अधिकारी,एस0एस0वी0/कन्सल्टेंट, परिवार नियोजन एवं अवनीश पाण्डेय, सिविल अनुभाग द्वारा जनपद आजमगढ़ की स्वास्थ्य इकाइयों का चार दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन भ्रमण दिनांक 24 से 27 सितम्बर, 2018 को किया गया है। बिन्दुवार आख्या निम्नवत है–

➢ **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– कोल्हूखोर (जहानागंज ब्लाक)**

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित सुझाव एवं सुधार | कार्यवाही स्तर |
|---|---|---|
| **मैटरनल हेल्थ** | | |
| • लेबर रूम में 7 ट्रे कान्सेप्ट की व्यवस्था नही थी।<br>• लेबर रूम की सफाई समुचित नही थी।<br>• हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं।<br>• बी.एच.टी. पूरी नहीं भरी जा रही थी।<br>• पार्टोग्राफ नही भरा जा रहा था और ना ही तैनात स्टाफ को इसकी जानकारी थी।<br>• लेबर रूम में प्रसव के दौरान प्रयोग में लाने हेतु रखे गये उपकरणों पर जंग लगे थे।<br>• महिला वार्ड में प्रचार प्रसार हेतु सामग्री का समुचित प्रदर्शन नही किया गया था।<br>• लेबर रूम में मौजूद डिलेवरी टेबल पर जंग लगी हुयी थी।<br>• लेबर टेवल पर मैकेन्टॉस, कैलिसपैड एवं फुट स्टेप नही था<br>• कलर कोडेड डस्टबीन प्रयोग किये जा रहे थें एवं ब्लीचिंग पाउडर घोल का भी प्रयोग किया जा रहा था।<br>• डिलेवरी का डाटा प्रिन्टेड डिलेवरी रजिस्टर पर नही भरा जा रहा था व जिस रजिस्टर पर भरा जा रहा था उसमे मानक के अनुसार सभी कालम नही थे। | • भ्रमण दल द्वारा मोके पर ही 7 ट्रे कान्सेप्ट की व्यवस्था व इमरजेन्सी ड्रग ट्रे में मानक अनुसार दवाएं सुनिशित करायी गयी।<br>• भ्रमण दल द्वारा मौके पर ही लेबर रूम की साफ–सफाई सुनिशित करायी गयी व प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स को प्रत्येक दिन समुचित सफाई सुनिशित कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• तत्काल बी.एच.टी. के सभी कॉलमों को समझा कर उनको पूर्ण रूप से भरने हेतु कहा गया ताकि भविष्य में यदि मरीज को कुछ समस्या होती है तो उसे बी.एच.टी. द्वारा सहायता दी जा सकती हैं।<br>• लेबर रूम स्टाफ को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के विषय में बताया गया और इसके रिपोर्टिंग से क्या लाभ है उसके विषय में बताया गया एवं हाईरिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित एवं उनका अभिलेखीकरण करने हेतु कहा गया।<br>• लेबर टेवल पर मैकेन्टॉस, कैलिसपैड एवं फुट स्टेप लगाने के निर्देश दिये गये।<br>• पार्टोग्राफ भरने की प्रशिक्षण कराई जाये।<br>• प्रयोग में लाने हेतु रखे गये समस्त उपकरणों को तत्काल बदला जाये।<br>• महिला वार्ड में प्रचार–प्रसार हेतु सामग्री का समुचित प्रदर्शन कराया जाये।<br>• डिलेवरी टेबल की तत्काल पेंटिंग व मरम्मत करायी जाये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 व प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स |
| **चाइल्ड हेल्थ** | | |
| • विटामिन–K उपलब्ध नही था।<br>• डिलेवरी रजिस्टर में वजन के कालम में अकिंत लो–वर्थ बेबी का फालोअप नही किया जा रहा है।<br>• लेबर रूम के एन0बीसी0सी0 कार्नर मे अम्बु बैग एवं म्यूकस स्ट्रक्टर/सक्शन मशीन पर काफी धूल जमी हुयी थी।<br>• एन0बी0सी0सी0 कार्नर का रेडियेन्ट वार्मर कार्य कर रहा था। | • विटामिन K की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाये।<br>• भ्रमण दल द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे वच्चो का एच.बी0एन0सी0 कार्यकम के माध्यम से आशा द्वारा 7 फालोअप कराना सुनिश्चित किया जाये।<br>• भ्रमण दल द्वारा मौके पर ही अम्बु बैग एवं म्यूकस स्ट्रक्टर/सक्शन मशीन पर लगे धूल को साफ कराया गया व बी0पी0एम0 को प्रत्येक दिन समुचित सफाई सुनिशित कराने हेतु निर्देशित किया गया। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| **फैमिली प्लानिंग** | | |
| • कन्डोम बॉक्स नही लगे थे।<br>• मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।<br>• पी.पी.आई.यू.सी.डी. इन्सर्शन रजिस्टर एवं फालोअप रजिस्टर में एम0सी0टी0एस0 नम्बर अकिंत नही किया जा रहा था। | • आर के एस फंड से कंडोम बॉक्स लगाया जाये।<br>• इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित कराई जाये।<br>• भ्रमण दल द्वारा अप्रैल 2018 से रजिस्टर पर एम0सी0टी0एस0 नम्बर अकिंत करने के निर्देश दिये गये। | जनपदीय नोडल फैमिली प्लानिंग / अधीक्षक व वी0पी0एम0 |
| **अन्य बिंदु** | | |
| भ्रमण के दौरान ब्लाक कार्यकम प्रबन्धक श्रीमती सुमन, ब्लाक लेखा प्रबन्धक श्री हरीवंश मौर्य एवं डाटा इन्ट्री आपरेटर अनुपस्थित थे। | भ्रमण दल द्वारा अधीक्षक से सम्बंन्धित कार्यवाही करने हेतु कहा गया। | अधीक्षक |
| केन्द्र के प्रवेश द्वार पर पेय जल की व्यवस्था हेतु लगा हुआ वाटर कुलर कार्यरत नही था व पानी भी नही आ रहा था। | भ्रमण दल द्वारा वाटर कुलर के मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 |
| पुरूष एवं महिला शौचालय में टुट-फुट थी व सफाई समुचित नही थी। | भ्रमण दल द्वारा शौचालय मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये व मौके पर ही शौचालय की सफाई कराई गयी। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम0 |
| लैब के अन्दर पी.ई.पी. किट, ब्लड स्पिल किट, पंक्चर प्रूफ कन्टेनर उपलब्ध नहीं थे एवं लैब के किसी भी कार्मिक द्वारा व्यक्तिगत बचाव उपकरण धारण नहीं किया गया था। | लैब में तत्काल ही संक्षिप्त रूप में बायो वेस्ट नियमावली एवं इंफेक्शन प्रिवेंशन के विषय में जानकारी प्रदान की गयी तथा लैब हेतु समुचित मात्रा में पी.पी.ई. क्रय किये जाने तथा बायो मेडिकल वेस्ट अधिनियम 2016 का प्रशिक्षण आवश्यक रूप से आयोजित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 व लैब कार्मिक |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी परन्तु शिकायत निवारण कमेटी का गठन नहीं किया गया। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन किया जाये। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 |

**भ्रमण दल द्वारा दिनांक 25.09.2018 को मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता** में बैठक कराया गया, जिसमें जनपद के समस्त ब्लाक के बी0पी0एम0यू0 स्टाफ यथा– ब्लाक कार्यकम प्रबन्धक, ब्लाक लेखा प्रबन्धक ब्लाक क्म्यूनीटि प्रोसेस प्रबन्धक एवं डाटा इन्टी आपरेटर व जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0एच0, डी0पी0एम0, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डी0डी0ए0ए0 तथा टी0एस0यू0 के डी0एफ0पी0एस0 ने प्रतिभाग किया। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर ब्लाकवार समीक्षा की गयी–

- भम्रण दल द्वारा पूर्व में चिकित्सा इकाईयो के भ्रमण का फिडबैक साझा किया गया एवं उनके कम्पलायन्स की स्थिति पर चर्चा की गयी।
- ब्लाकवार वित्तीय समीक्षा की गयी जिसमें कमिटेड एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के व्यय की समीक्षा की गयी।
- ब्लाकवार एच0एम0आई0एस0 डाटा एवं रैकिंग की समीक्षा की गयी।
- डाटा वैलिडेशन समिति के उपयोगिता को विस्तार से समझाया गया।
- परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तरा के रोल आउट, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 में ग्राउन्ड स्टाक की इन्ट्री, सॉस बहु सम्मेलन, कन्डोम बाक्स के इन्सटालेशन एवं वित्तीय वर्ष 2018–19 के ब्लाकवार ई0एल0ए0 पर चर्चा की गयी।
- जे0एस0वाई बैकलाग पर चर्चा की गयी।
- वी0एच0एन0सी0 के खाता खोलने मे आ रही समस्या पर चर्चा की गयी।
- आर0आई0 के डाटा फीडिग पर चर्चा की गयी।

Scanned by CamScanner

- बैठक में भ्रमण दल द्वारा बी0एच0टी0/केस सीट, पार्टोग्राफ, हाई रिस्क प्रेगनेन्सी, बायो वेस्ट मैनेजमेन्ट, मिशन परिवार विकास कार्यक्रम एवं एच0बी0एन0सी0 कार्यक्रम की महत्ता पर सक्षिप्त उन्नमुखीकरण किया गया।

बैठक के अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा राज्य स्तर द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं पर चर्चा की गयी।

➢ **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – लालगंज**

माह अगस्त की वित्तीय समीक्षा में पाया गया कि विगत वित्तीय वर्ष 2017-18 में किये गए कुल कमिटेड धनराशि रू0 1165850/00 के सापेक्ष रू0 748650/00 व्यय किया जा चुका है, शेष धनराशि रू0 417200/00 को भ्रमण दल द्वारा निर्देशित किया गया कि अगले 15 कार्य दिवसों में शत प्रतिशत खर्च करना सुनिश्चित करें।

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित सुझाव एवं सुधार | कार्यवाही स्तर |
|---|---|---|
| **मैटरनल हेल्थ** | | |
| • पार्टोग्राफ नही भरा जा रहा था और ना ही तैनात स्टाफ को इसकी जानकारी थी।<br>• मरीजों के केस सीट/बी.एच.टी. समुचित नही भरे जा रहे थे।<br>• प्रचार प्रसार हेतु सामाग्री का समुचित प्रदर्शन नही किया गया था।<br>• लेबर रूम में मौजुद डिलेवरी टेबल पर जंग लगी हुयी थी।<br>• कलर कोडेड डस्टबीन व ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग नही किया जा रहा था।<br>• लेबर रूम में एलबो टैप एवं digital घडी नही थी।<br>• लेबर रूम के खिडकी का कॉच नही था।<br>• लेबर रूम में प्रोटोकॉल का समुचित प्रदर्शन नही था।<br>• लेबर रूम का एक्जास्ट फैन कार्य नही कर रहा था।<br>• लेबर रूम में रखे आक्सीजन सेलेन्डर में गैस नही थी।<br>• जे0एस0एस0के0 के तहत लाभार्थियों को भोजन उपलब्ध नही कराया जा रहा था। | • पार्टोग्राफ भरने का प्रशिक्षण कराया जाये।<br>• केस सीट/बी.एच.टी. समुचित नही भरे जाये।<br>• महिला वार्ड में प्रचार प्रसार हेतु सामग्री का समुचित प्रदर्शन कराया जाये।<br>• डिलेवरी टेबल की तत्काल पेंटिंग व मरम्मत कराया जाये<br>• बी.एच.टी. के सभी कॉलमों को समझा कर उनको पूर्ण रूप से भरने हेतु कहा गया ताकि भविष्य में मरीज में कुछ समस्या होती है तो उसके बी.एच.टी. से सहायता प्राप्त की जा सकती है।<br>• भ्रमण दल द्वारा मौके पर कलर कोडेड डस्टबीन व ब्लीचिंग पाउडर घोल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी।<br>• भ्रमण दल द्वारा मौके पर अम्बु बैग की सफाई सुनिशित करायी गयी। | अधीक्षक/बी0पी0एम0 व प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स |
| **चाइल्ड हेल्थ** | | |
| • विटामिन–K उपलब्ध नही था।<br>• डिलेवरी रजिस्टर में वजन के कालम में अंकित लो–वर्थ बेबी का फालोअप नही किया जा रहा है।<br>• लेबर रूम के एन0बी0सी0सी0 कार्नर का रेडियेन्ट वार्मर कार्य कर रहा था।<br>• कोल्ड चेन रूम मे वैक्सिन का रख रखाव समुचित ढंग से था एवं लॉग बुक भी भरी जा रही थी।<br>• समस्त वैक्सीन उपलब्ध थे, परन्तु चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को बी0सी0जी0 बहुत कम लग रहा था। | • विटामिन K की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाये।<br>• भ्रमण दल द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे वच्चो का एच.बी0एन0सी0 कार्यकम के माध्यम से आशा द्वारा 7 फालोअप कराना सुनिश्चित किया जाये। | अधीक्षक/बी0पी0एम0 व एच0ई0ओ0 |
| **फैमिली प्लानिंग** | | |
| • कन्डोम बॉक्स नही लगे थे।<br>• मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।<br>• सास–बहु सम्मेलन नहीं सम्पादित की जा रही है। | • आर0के0एस0 फंड से कन्डोम बॉक्स लगाये जाये।<br>• इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित कराया जाये।<br>• सास–बहु सम्मेलन सम्पादित करायी जाये। | जनपदीय नोडल फैमिली प्लानिंग/अधीक्षक/बी0पी0एम0 व बी0सी0पी0एम0 |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| अन्य बिंदु | | |
| चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु उसमें भरा हुआ लिक्विड एक्सपायर हो गया था। | भ्रमण दल द्वारा Fire extinguisher रिफिल कराने हेतु निर्देश दिये गये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| ओ0पी0डी0 कक्ष, दवा वितरण कक्ष व आकस्मिक कक्ष में काफी गन्दगी थी। बायो मैट्रिक्स अटेन्डेंस मशीन लगा था एवं कार्यरत भी था। | भ्रमण दल द्वारा तत्काल सफाई करायी गयी व प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रत्येक दिन समुचित सफाई सुनिशित कराने हेतु निर्देशित किया गया। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| चिकित्सालय परिसर में जगह जगह कमरो में कन्डम सामग्री रखी थी। | भ्रमण दल द्वारा किसी एक स्थान चिन्हित पर ही सभी कन्डम सामग्री रखने के निर्देश दिये गये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| बायो मेडिकल बेस्ट के अन्तर्गत Segregation कक्ष की व्यवस्था नही थी। स्लाइन की खाली बोतलों को एक खुली दुछत्ती पर डम्प किया जा रहा है। | Segregation कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| लेबर रूम के बगल में डम्प सामाग्री रखी हुयी थी जिससे इन्फेक्शन की सम्भावना बन रही थी | भ्रमण दल द्वारा तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| ओ0टी0 एवं लैब के नल में एलबो टैप नही लगा था। | सभी नलों में एलबो टैप लगायी जाये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 |
| एच0एम0आई0एस0 | | |
| • एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अकिंत की जा रही जानकारी में खामीया पायी गयी जैसे कि इस वित्तीय वर्ष में नवजातों की संख्या 1306 थी परन्तु ब्रेस्ट फिडिंग एवं नवजात के वजन के कालम संख्या 1308 थी।<br>• सीवीयर एनीमिया के ट्रिटमेन्ट के कालम में संख्या शुन्य दर्शायी गयी थी परन्तु गर्भवती महिलाओं जिनका कि हिमोग्लोबीन 7 से कम है वहा संख्या 521 दर्शायी गयी थी। | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी व एच0एम0आई0एस0 पोर्टल के सभी सुचकांको पर हैन्ड होल्डिंग की गयी एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये साथ ही साथ इनको सुधारने के निर्देश भी दिये गये। | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्य |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका नही लगा था। | आर0के0एस0 फण्ड से शिकायत पेटिका लगवाने का सुझाव दिया गया। | अधीक्षक |

**ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वी0एच0एन0डी0), सत्र का भ्रमण :–**

- ग्राम– प्राथमिक विद्यालय भैसकुर
- उपकेन्द्र – सरायमोहन
  - ए0एन0एम0 मनोरमा राय एवं आशा कार्यकत्री मंजु राय वी0एच0एन0डी0 सत्र पर उपस्थित थीं।
  - ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का बैनर सत्र स्थल पर लगा नहीं पाया गया।
  - टीकारण सम्बन्धी संदेश दिये जा रहे थे।
  - वी0एच0एन0डी0 सत्र में शिशु के वजन मापने की मशीन नही थी।
  - वयस्क के वजन मापने की मशीन भी खराब थी।
  - एम0सी0टी0एस0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 न0 अंकित नही था।
  - परिवार नियोजन का साधन जैसे कोन्डम, ओरल पिल्स इत्यादि उपलब्ध नही थे।
  - ड्यू लिस्ट केन्द्र पर उपलब्ध नही थी।
  - ओ0आर0एस0 एवं जिंक टेबलेट उपलब्ध नही थी।
  - किशोरियों हेतु सेनेटरी नैपकीन नही था।
  - केन्द्र पर प्रचार प्रसार की कोई सामग्री उपलब्ध नही थी।

Scanned by CamScanner

➢ ग्राम व उपकेन्द्र :– सादीपुर
➢ आगनवाडी का नामः– विद्या राय

- ए0एन0एम0 रीता राय एवं आशा कार्यकत्री सरोज राय वी0एच0एन0डी0 सत्र पर उपस्थित थीं।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का बैनर सत्र स्थल पर लगा नहीं पाया गया।
- टीकारण सम्बन्धी संदेश दिये जा रहे थे।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का माइको प्लान सत्र स्थल पर उपलब्ध नहीं था।
- वी0एच0एन0डी0 सत्र में शिशु के वजन मापने की मशीन नही था।
- वयस्क के वजन मापने की मशीन भी खराब थी।
- एम0सी0टी0एस0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 नं0 अंकित नही था।
- परिवार नियोजन का साधन जैसे कोन्डम, ओरल पिल्स इत्यादि उपलब्ध नही थे।
- ड्यू लिस्ट केन्द्र पर उपलब्ध थी।
- ओ0आर0एस0 एवं जिंक टेबलेट उपलब्ध नही थी।
- किशोरियों हेतु सेनेटरी नैपकीन नही था।
- केन्द्र पर प्रचार प्रसार की कोई सामग्री उपलब्ध नही थी।
- बी0पी0 मशीन एवं अन्य टेस्ट किट उपलब्ध नही थी।
- वैक्सीन कैरियर में आइस पैक सही से जमी नही थी।

उक्त दोनो सत्र के सम्बन्ध में भ्रमण दल के साथ मौजूद बी0सी0पी0एम0 एवं दोनो ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि वी0एच0एन0डी0 सत्र को मानक अनुसार संचालित कराये एवं अन्य सत्रों की भी गुणवत्ता सुनिश्चित करायें।

✓ (कृत कार्यवाही– सम्बन्धित ए0एन0एम0, आशा/एम0ओ0आई0सी0/जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक /सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं सूचनार्थ सम्बन्धित अनुभाग एस0पी0एम0यू0)

➢ <u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतरौलिया</u>

| अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित सुझाव एवं सुधार | कार्यवाही स्तर |
|---|---|---|
| मैटरनल हेल्थ | | |
| • मरीजों के केस सीट समुचित नही भरे जा रहे थे।<br>• लेबर रूम में मौजुद डिलेवरी टेबल पर जंग लगी हुयी थी।<br>• कलर कोडेड डस्टबीन व ब्लीचिंग पाउडर सलुसन का प्रयोग प्रयोग किया जा रहा था।<br>• पार्टोग्राफ नही भरा जा रहा था<br>• मरीजों के केस सीट/बी.एच.टी. समुचित नही भरे जा रहे थे।<br>• कलर कोडेड डस्टबीन व ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग किया जा रहा था।<br>• लेबर रूम में एलवो टैप एवं digital घडी नही थी।<br>• लेबर रूम में प्रोटोकॉल का समुचित प्रदर्शन था।<br>• लेबर रूम में रखे आक्सीजन सेलेन्डर में गैस नही थी। | • केस सीट के सभी कॉलमों को समझा कर उनको पूर्ण रूप से भरने हेतु कहा गया।<br>• प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा की गई कि अपने राउन्ड के दौरान केस सीट का अनुश्रवण अवश्य कर लें।<br>• महिला वार्ड में प्रचार प्रसार हेतु सामग्री का समुचित प्रदर्शन कराये जाये।<br>• ब्लीचिंग पाउडर घोल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।<br>• महिला वार्ड में डाइट चार्ट प्रदर्शित कराया जाये।<br>• प्रसव कक्ष में एलबो टैप एवं घड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।<br>• प्रयोग में लाने हेतु रखे गये समस्त उपकरणों को तत्काल बदला जाये। | अधीक्षक /बी0पी0एम0 व प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| • जे0एस0एस0के0 के तहत लाभार्थियों को भोजन उपलब्ध नही कराया जा रहा था व महिला वार्ड मे डाइट चार्ट प्रदर्शित नही था। | | |
| **चाइल्ड हेल्थ** | | |
| • प्रसव कक्ष में एन0बी0सी0सी0 कार्नर का रेडियेन्ट वार्मर कार्य कर रहा था।<br>• समस्त वैक्सीन उपलब्ध थे।<br>• डिलेवरी रजिस्टर में वजन के कालम में अकिंत लो–वर्थ बेबी का फालोअप नही किया जा रहा है।<br>• कोल्ड चेन रूम मे वैक्सिन का रख रखाव समुचित ढंग से था एवं लॉग बुक भी भरी जा रही थी।<br>• सक्शन मशीन नही थी। | • विटामीन K की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।<br>• भ्रमण दल द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे वच्चो का एच.बी0एन0सी0 कार्यक्रम के माध्यम से आशा द्वारा 7 फालोअप कराना सुनिश्चित किया जाये।<br>• सक्शन मशीन स्टोर से निकलवाकर लगावाया गया। | अधीक्षक व एच0ई0ओ0 |
| **फैमिली प्लानिंग** | | |
| • कन्डोम बॉक्स नही लगे थे।<br>• मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।<br>• पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर अद्यतन नहीं था।<br>• सास–बहु सम्मेलन नहीं सम्पादित की जा रही है।<br>• माह सितम्बर, 2018 तक एफ0डी0ओ0एस0 नहीं हुई है।<br>• महिला वार्ड में फैमिली प्लानिंग का प्रचार–प्रसार प्रदर्शित नही था। | • बी0पी0एम0 द्वारा आश्वासन दिया गया कि 05 अक्टूबर कन्डोम बॉक्स लगा दिया जायेगा।<br>• इन्हेन्स कम्पन्शेसन स्कीम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 प्रदर्शित करायी जाये।<br>• बी0सी0पी0एम0 द्वारा आश्वासन दिया गया कि सास–बहु सम्मेलन 10 अक्टूबर सम्पादित करा दी जायेगी।<br>• प्रचार–प्रसार समुचित प्रदर्शित किया जाये। | अधीक्षक / एच0ई0ओ0 / बी0पी0एम0 व बी0सी0पी0एम0 |
| **अन्य बिंदु** | | |
| डेन्टल सर्जन एवं डेन्टल हाइजेनिस्ट कार्यरत है किन्तु डेन्टल टेबल कार्यरत नही होने के कारण सिर्फ ओरल ओ0पी0डी0 चल रहा है। | भ्रमण दल द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस सम्बंध में वार्ता की गई एवं उनके द्वारा बताया गया कि तत्काल डेन्टल चेयर क्रय कर लिया जायेगा। | अधीक्षक व बी0पी0एम0 |
| कोल्ड चेन कक्ष के पास खुला डस्टबिन था, जो बहुत गन्दा था एवं वार्ड के पंखों पर बहुत धूल जीम थी।<br>बायो मैट्रिक्स अटेन्डेंस मशीन लगा था एवं कार्यरत भी था।<br>डाटा वैलिडेशन कमिटी कार्यरत है। | भ्रमण दल द्वारा मौके पर डस्टबिन की सफाई कराई गई एवं बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि समुचित सफाई सुनिश्चित कराये। | अधीक्षक व बी0पी0एम0 |
| • चिकित्सालय परिसर में जगह जगह कमरो में कन्डम सामाग्री रखी थी<br>• चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु उसमें भरा हुआ लिक्विड एक्सपायर हो गया था। | भ्रमण दल द्वारा किसी एक स्थान चिन्हित पर ही सभी कन्डम सामग्री रखने के निर्देश दिये गये।<br>भ्रमण दल द्वारा Fire extinguisher रिफिल कराने हेतु निर्देश दिये गये। | |

Scanned by CamScanner

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र –ठेकमा

सम्पूर्ण चिकित्सालय की स्थिति काफी दयनीय थी, यथा–साफ सफाई, ओपी0डी0 कक्ष, लैब कक्ष, प्रसव कक्ष, दवा भण्डारण कक्ष, ओ0टी0 कक्ष, दवा वितरण कक्ष, शौचालय, वार्ड, Essential Drug & Equipment, रनींग वाटर की आपूर्ति एवं रिकार्ड कीपिंग। इन सभी की स्थिति काफी चिन्ताजनक थी। इस सम्बन्ध में भ्रमण दल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 रमेश कुमार सोनकर के साथ मिलकर चिकित्सालय के एक एक जगह को ठीक करने हेतु आगामी 01 माह में स्थिति सुधारने हेतु माइक्रोप्लान तैयार कराया, जिससे कि स्थिति को जल्द से जल्द सुधारा जा सके। भ्रमण दल के साथ सम्मिलित जनपदीय क्वालीटी कन्सलटेन्ट डा0 सुभाष को निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय का लागातार फालोअप भ्रमण करें, व माइक्रोप्लान के अनुसार सुधारात्मक कार्यवाही कराने में सहयोग प्रदान करे।

भ्रमण के उपरान्त जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 के साथ बैठक किया गया व भ्रमण में पायी गयी कमियों से अवगत कराया गया साथ ही साथ उनसे यह भी अनुरोध किया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ठेकमा में विशेष हस्तक्षेप कर अपेक्षित कार्यवाही करें, इस क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आश्वाशन दिया गया कि वे चिकित्सालय का भ्रमण कर गैप को 15 दिवसों में पूर्ण करा देगे तथा उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि इकाईवार पायी गयी कमियों के साथ अन्य सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर भी सुधारात्मक कार्यवाही की जायेगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह बताया कि सितम्बर माह के SOE में अधिक से अधिक व्यय परिलिक्षित हो पाएंगी।

पत्रांक–SPMU / NHM एस0एस0वी0 / आजमगढ़ / 2018–19 / तद्दिनांक–

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के साथ सम्बन्धित अधिकारी द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध हेतु।

1. समस्त सम्बन्धित एस0पी0एम0यू0, अनुभाग।
2. अपर निदेशक, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ को इस आशय से कि उक्त बिन्दुओं में जनपद आजमगढ़ में आपेक्षित सुधार एवं प्रतिमाह राज्य स्तर से गठित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल के साथ एन0एच0एम0 में संविदा पर कार्यरत विभिन्न–विभिन्न कार्यक्रमों के मण्डल स्तरीय सलाहकार / समन्वयकों / प्रबन्धक को पर्यवेक्षण भ्रमण में कार्यक्रम की गुणवत्ता हेतु शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायेगे।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, आजमगढ़।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी / सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति / समस्त उप / अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आजमगढ़।
5. समस्त ब्लाक प्रभारी / अधीक्षक, आजमगढ़।
6. समस्त एन0एच0एम0 जनपद स्तरीय प्रबन्धक / सलाहकार / समन्वयक आदि आजमगढ़।
7. समस्त एच0ई0ओ0 / ए0आर0ओ0 / बी0पी0एम0यू0 तथा सम्बन्धित पैरामेडिकल स्टाफ आजमगढ़।

Avanish Pandey
(अवनीश पाण्डेय)
(सिविल अनुभाग)

01/10/2018
(मनीष कुमार सोनी)
(कन्सल्टेंट,परिवार नियोजन)

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19—ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद—आजमगढ़।

पत्र संख्या :SPMU/NHM/एस0एस0वी0/आजमगढ़/2018—19/ दिनांक 03.10.2018

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 24 से 27 सितम्बर, 2018 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये विवरण संलग्न है। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः SPMU/NHM/एस0एस0वी0/आजमगढ़/2018—19/ 7135-5 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजमगढ़ मण्डल।
3. जिला अधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आजमगढ़।
4. समस्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, आजमगढ़।

(पराग पी. पांडे)
मण्डलीय नोडल,आजमगढ़—सह—
महाप्रबन्धक, ई0एम0टी0एस0

Scanned by CamScanner